C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 5:32 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 7:07 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 182 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 11 जनवरी 2025

पायल कपाड़िया अगली फिल्म की...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### बगवाड़ा में चोरों ने किराने की दुकान से नगदी समेत हजारों का सामान उड़ाया

**रुद्रपुर।** चौकी बगवाड़ा क्षेत्र में चोरों ने किराने की दुकान का कुंडा तोड़ कर नगदी समेत हजारों का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।मुन्नी देवी पत्नी शिवदयाल निवासी फुलसुंगी रोड बगवाड़ा रुद्रपुर ने पुलिस को बताया कि उसकी घर के बाहर ही फुलसुंगी रोड बगवाड़ा में गुरु ?द्वारा से आगे सड़क किनारे छोटी सी दुकान है।9 जनवरी की रात चोरों ने दुकान के दरवाजे के कुन्डे को तोड़ कर दुकान में रखा समेत नगदी चोरी कर ली। बताया कि सुबह को देखा तो दुकान में बिखरा पड़ा था और गल्ले में रखी 6000 रुपए चोरी कर लिया। चोर मोबाइल भी ले गए। मोबाइल बंद आ रहा है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस दुकान के आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज देख रही है।

### निर्माणाधीन इमारत के सातवीं मंजिल से गिरे मजदूर, दो की मौत, आठ घायल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से बड़ी खबर सामने आ रही है। शहर के वीआईपी रोड पर निर्माणाधीन बहुमंजिला इमारत गिर गई है। निर्माणाधीन बहुमंजिला गिरने से इमारत के मलबे में कई मजदूरों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है। वीआईपी रोड स्थित एक कॉम्प्लेक्स के सातवीं मंजिल की सेंट्रिंग गिरने से 11 मजदूर दब गए। इनमें घायल नौ मजदूरों में से दो की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं सात मजदूरों का इलाज चल रहा है। जबकि दो मजदूर अभी भी मलबे में दबे हुए हैं। कलेक्टर गौरव सिंह ने इसकी पुष्टि की है। घटना तेलीबांधा थाना क्षेत्र की है। इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। नौ घायल मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज के दौरान दो मजदूरों की मौत हो गई।

# आज करवट बदलेगा मौसम, बारिश-ओलावृष्टि का येलो अलर्ट

**देहरादून**
**हमारे संवाददाता**



देहरादून समेत नैनीताल, टिहरी, पौड़ी, हरिद्वार, चम्पावत और ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ इलाकों में तेज गर्जन के साथ ओलावृष्टि का येलो अलर्ट जारी किया है।

उत्तराखंड में आज से मौसम करवट लेगा। अभी तक बारिश और बर्फबारी ना होने से सूखी ठंड लोगों को परेशान कर रही थी, लेकिन आज प्रदेश के कई स्थानों पर तेज गर्जन के साथ बारिश और ओलावृष्टि होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र ने देहरादून समेत नैनीताल, टिहरी, पौड़ी, हरिद्वार, चम्पावत और ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ इलाकों में तेज गर्जन के साथ ओलावृष्टि का येलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की बारिश भी हो सकती है। बारिश और ओलावृष्टि से तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। जबकि, मैदानी इलाकों में कोहरे से राहत मिल सकती है। वहीं, शुक्रवार के तापमान की बात करें तो दून में सुबह के समय कोहरा छाया रहा। इसके चलते दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री की कमी के साथ 16.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। हालांकि, रात का न्यूनतम तापमान तीन डिग्री इजाफे के साथ 9.1 डिग्री रहा। 11 जनवरी को दून का अधिकतम तापमान 17 और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री रहने के आसार हैं।

बीते कुछ दिनों से घना कोहरा और शीतलहर को देखते हुए जिलेभर में 31 जनवरी तक सभी स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र साढ़े आठ बजे के बाद खुलेंगे।

इस संबंध में जिलाधिकारी सविन बंसल ने मुख्य शिक्षा अधिकारी व जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया है। पत्र में कहा गया है कि शीतलहर और कोहरे के साथ पाला पड़ने से सूखी ठंड खूब परेशान कर रही है। हालांकि, सर्दी के दिनों में अधिकतर विद्यालय नौ बजे के बाद ही संचालित किए जाते हैं, लेकिन कुछ विद्यालयों का समय सुबह साढ़े सात से आठ बजे तक है। ऐसे में इन विद्यालयों के संचालन का भी समय 31 जनवरी तक बदलना होगा।

भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में सभा को किया संबोधित

# कर्णप्रयाग पहुंचे सीएम धामी कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**नई दिल्ली**
**एजेंसी**

सीएम पुष्कर सिंह धामी कर्णप्रयाग पहुंचे। सीएम रोड शो करते हुए कर्णप्रयाग मुख्य बाजार में आयोजित जनसभा में पहुंचे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने सीएम का बाइक रैली निकालकर स्वागत किया।

सीएम पुष्कर सिंह धामी कर्णप्रयाग पहुंचे। सीएम रोड शो करते हुए कर्णप्रयाग मुख्य बाजार में आयोजित जनसभा में पहुंचे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने सीएम का बाइक रैली निकालकर स्वागत किया। सीएम कर्णप्रयाग नगर पालिका चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी गणेश शाह, गौचर प्रत्याशी अनिल नेगी और सभासद के पक्ष में सभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सिवाई पहुंचे। सीएम ने सिवाई में रेल लाइन निर्माण के कार्यों का निरीक्षण किया। बता दें कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गढ़वाल में निकाय चुनाव प्रचार का आगाज शनिवार को कर्णप्रयाग से कर रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को दोपहर दो बजकर बीस मिनट पर कर्णप्रयाग-ऋषिकेश रेल लाइन के सिवाई स्टेशन के नजदीकी खेल मैदान में हेली सेवा से पहुंचे। रेल लाइन के कार्यों के निरीक्षण के बाद सीएम अपराह्न तीन बजे कर्णप्रयाग पहुंचे। यहां सीएम ने प्रदेश में हो रहे निकाय चुनावों के तहत गढ़वाल में प्रचार का आगाज किया।

# लापता बुजुर्ग को बाघ ने मारा 20 घंटे चलाया सर्च अभियान

**रामनगर**
**हमारे संवाददाता**

बृहस्पतिवार शाम से लापता बुजुर्ग को बाघ ने मार डाला। वन कर्मियों को 20 घंटे तक चले सर्च अभियान के बाद उनका शव घटनास्थल से छह किलोमीटर दूर मिला। गांव में पोस्टमार्टम करने के बाद उसके पैतृक घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

रामनगर वन प्रभाग के क्यारी गांव से सटे जंगल में एक बाघ ने बुजुर्ग की जान ले ली। बृहस्पतिवार शाम से लापता बुजुर्ग की तलाश की जा रही थी। वन कर्मियों को 20 घंटे तक चले सर्च अभियान के बाद उनका शव घटनास्थल से छह किलोमीटर दूर मिला। गांव में ही पोस्टमार्टम किया गया। उसके बाद पैतृक घाट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

बृहस्पतिवार को जंगल में घास लेने गए क्यारी गांव निवासी पत्रकार दीप बेलवाल के पिता भुवन चंद्र बेलवाल (60 वर्ष) को बाघ ने अपना निवाला बनाया। लापता होने के बीच उन पर बाघ का हमला होने की आशंका के बीच बृहस्पतिवार शाम ही सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। रात में अभियान रोक दिया गया था। शुक्रवार सुबह सात बजे वन विभाग ने ग्रामीणों की मदद से फिर से सर्च अभियान चलाया। घटना स्थल से करीब छह किलोमीटर दूर पहाड़ी पर भुवन चंद्र का शव बरामद हो गया। उसी वक्त बाघ शव से कुछ दूर पर ही था, लिहाजा वन विभाग और ग्रामीणों ने शोर मचाकर उसे भगाया। सुबह नौ बजे बरामद शव को गांव तक ले जाने में डेढ़ घंटे से ज्यादा का समय लगा। शव लाए जाने पर ग्रामीण एकत्र हो गए और परिजनों के आग्रह पर गांव में ही पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। दोपहर बाद परिजनों ने कोसी बैराज स्थित श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया। सर्च अभियान के दौरान मौके पर खून से सने कपड़े और मोबाइल फोन मिलने पर बृहस्पतिवार शाम को ही बुजुर्ग के साथ अनहोनी की आशंका व्यक्त की जाने लगी थी। शुक्रवार सुबह सर्च अभियान के दौरान बुजुर्ग का अधखाया शव बरामद हुआ। शव मिलने के बाद ग्रामीणों ने हल्का आक्रोश जताया, लेकिन वन विभाग ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन देकर उन्हें शांत कराया। मौके पर पश्चिमी वृत्त के वन संरक्षक डॉ. विनय भार्गव, डीएफओ दिगांथ नायक, एसडीओ कामिनी आर्य, एसडीएम राहुल शाह, तहसीलदार कुलदीप पांडे, रेंजर ललित जोशी सहित वन विभाग की टीम मौजूद रही।

# रम्पुरा पुलिस ने चैकिंग के दौरान स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

पुलिस ने चैकिंग के दौरान स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से करीब 10 ग्राम स्मैक भी बरामद की। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। चौकी प्रभारी रम्पुरा गणेश दत्त भट्ट के नेतृत्व में कांस्टेबल महेन्द्र कुमार, ध्यान सिंह क्षेत्र में चैकिंग के लिए निकले।

पुलिस वन स्टॉप सेंटर के पास ब्लाक रोड पर पहुंच आने जाने वाले वाहनों की चैकिंग शुरू कर दी। इसी बीच एक व्यक्ति ब्लाक की तरफ से पैदल- पैदल आता हुआ दिखाई दिया और पुलिस को देख कर वह सड़क किनारे झाड़ियों में छिप गया। पुलिस को उस पर शक हुआ तो पुलिस उसके नजदीक पहुंची। पुलिस ने उसे दबोच लिया। एसएसआई ललित मोहन रावल ने बताया कि तलाशी लेने पर उसके पास प्लास्टिक की पारदर्शी पन्नी मिली। पहले तो उसने पन्नी को फेंकने का प्रयास किया। पुलिस ने पन्नी खोल कर देखा तो उसमें स्मैक बरामद हुई। बरामद स्मैक करीब 10 ग्राम थी।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति ने पूछताछ में अपना नाम लक्ष्मण कोली पुत्र स्व बनवारी लाल, वार्ड 23, रम्पुरा, थाना रुद्रपुर बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। उसे जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार व्यक्ति पहले भी जेल जा चुका है। स्मैक कहां से लेकर आया। पुलिस उसकी जांच कर रही है।

# नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट-इंडिया की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक

**हल्द्वानी/नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**




देश के पत्रकारों के सबसे बड़े संगठन नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट-इंडिया (उत्तराखंड) की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में संगठन की मजबूती एवं विस्तार के साथ ही राज्य के पत्रकारों के हितों से संबंधित कई प्रस्तावों पर चर्चा की गई।

आगे शीघ्र ही संगठन की सभी जिला इकाइयों से जिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्रकारों के हितों को लेकर ज्ञापन भेजे जाएंगे और प्रदेश के पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिलकर उन्हें 15 मई 2022 को संगठन के प्रदेश सम्मेलन में देश का पहला पत्रकार सुरक्षा कानून लाने का वादा पूरा करने का अनुरोध किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी, मुख्य संरक्षक संजय तलवार, राष्ट्रीय सचिव कैलाश जोशी की उपस्थिति एवं प्रदेश अध्यक्ष सुनील दत्त पांडे की अध्यक्षता और महामंत्री डॉ. नवीन जोशी के संचालन में नैनीताल जनपद के काठगोदाम स्थित सर्किट हाउस में आयोजित हुई बैठक की शुरुआत छत्तीसगढ़ के दिवंगत पत्रकार मुकेश चंद्राकर को श्रद्धांजलि देने के साथ शुरू हुई और उत्तराखंड के बलिदानी पत्रकार श्रीदेव सुमन और उमेश डोभाल के बलिदान को याद करते हुए राज्य के ऐसी घटनाओं उत्तराखंड में जल्द पत्रकार सुरक्षा कानून लागू कराए जाने की मांग दोहराई गयी। इसके अतिरिक्त राज्य में सभी पत्रकारों को तहसील स्तर पर मान्यता, राज्य अतिथि गृहों में अन्य राज्यों की तरह स्थानीय स्तर से कक्ष आवंटन, शासन स्तर पर लघु एवं मध्यम श्रेणी के समाचार पत्रों की समस्याओं के समाधान, समाचार वेबसाइटों की विज्ञापन मान्यता में ठेका प्रथा को समाप्त करने सहित अन्य समस्याओं के समाधान हेतु मुख्यमंत्री से मुलाकात करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में संगठनात्मक बदलाव करते हुए प्रदेश के दोनों मंडलों में सर्वसम्मति से दिनेश जोशी को कुमाऊं और धर्मेंद्र चौधरी को गढ़वाल मंडल के प्रभारी तथा अफजल हुसैन 'फौजी' को नैनीताल जनपद के जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा संगठन के संविधान में मुख्य संरक्षक एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों को शामिल करने के लिये प्राविधान करने का संकल्प भी लिया गया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. गिरिश रंजन तिवारी व सुनील तलवार, कोषाध्यक्ष राहुल वर्मा, सचिव प्रमोद बमेटा व बालकृष्ण शास्त्री, कार्यकारिणी सदस्य सरोज आनंद जोशी, कार्यकारिणी सदस्य राव रियासत पुंडीर, हरिद्वार के जिलाध्यक्ष आदेश त्यागी, महासचिव डॉ. शिवा अग्रवाल, राजेंद्र अधिकारी, गिरिश गोस्वामी, राजू पांडे, सहित समस्त प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे।

# आरक्षण नियमावली मामले में शपथ दाखिल करने के निर्देश

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा निकाय व पंचायत चुनाव कराने के लिए जारी आरक्षण नियमावली 2024 को चुनौती देती अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने याचिकाकर्ताओं से 4 हफ्ते के भीतर प्रति शपथ दाखिल करने के निर्देश दिए हैं । मामले की अगली सुनवाई 3 मार्च (सोमवार) को होगी । कोर्ट ने इस मामले में कोई अंतरिम आदेश नहीं दिया ।



**कोर्ट**

- कोर्ट ने इस मामले में कोई अंतरिम आदेश नहीं दिया
- कहा आरक्षण प्रक्रिया अपनायी गयी वह असंवैधानिक है

शुक्रवार को इन याचिकाओं की सुनवाई देर शायं तक हुई । याचिकर्ताओं की तरफ से कहा कि राज्य सरकार ने नियमों को ताक पर रख कर आरक्षण की अधिसूचना जारी की। जिस दिन अधिसूचना जारी की उसी दिन शाम को चुनाव कार्यक्रम भी घोषित कर दिया गया । उनको इस पर आपत्ति जाहिर करने का मौका तक नहीं दिया। नियमों के तहत आरक्षण घोषित होने के बाद आपत्ति जाहिर करने का प्रावधान है। जिसका अनुपालन राज्य सरकार व चुनाव आयोग ने नहीं किया।

जिन निकायों और निगमों में आरक्षण तय किया वह भी गलत किया है। जिन निकायों व निगमों में दस हजार से कम ओबीसीए एसटी व अन्य की जनसंख्या कम थी उनमें आरक्षण नहीं होना था । जिनमें इनकी संख्या अधिक थी उनमें आरक्षण होना था। जैसे अल्मोड़ा में कम है वहां आरक्षण नहीं व देहरादून व हल्द्वानी में अधिक है तो वहां आरक्षण होना था । अब कोर्ट सभी निकायों व नगर निगमों के आरक्षण पर गहनता से सुनवाई कर रही है जिस पर कल भी सुनवाई जारी रहेगी। इस पर राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि नियमों के तहत ही निकायों के आरक्षण तय किया गया है। इसको चुनाव याचिका के रूप में चुनौती दी जानी चाहिए अन्य याचिका में नहीं। इसका भी विरोध करते हुए याचिकाकर्ताओं की तरफ से कहा गया कि अभी चुनाव नहीं हुए हैं इसलिये आरक्षण की अधिसूचना को चुनौती दी है न कि किसी जीते हुए उम्मीदवार को मिले वोट व अन्य आधार पर।

मामले के अनुसार उच्च न्यायालय में इस मामले पर कई याचिकाएं दायर हुई हैं जिसमें कहा गया है कि राज्य सरकार की ओर से निकायों के अध्यक्ष पदों के लिये जो आरक्षण प्रक्रिया अपनायी गयी वह असंवैधानिक और कानूनी प्रावधानों के विपरीत है। सरकार ने आरक्षण जनसंख्या और रोटेशन के आधार पर सुनिश्चित नहीं किया गया है।



# खटीमा में जिलाधिकारी और एसएसपी ने किया निरीक्षण

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया और एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने खटीमा के मतगणना स्थल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। डीएम ने सुरक्षा और सहूलियत के संबंध मैं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। डीएम ने मतदान ड्यूटी हेतु आने वाले पीठासीन अधिकारियों के लिए उचित व्यवस्थापन,भोजन-पानी और अलाव की व्यवस्था के लिए भी निर्देश दिए।

मतगणना स्थल पर उचित बैरिकेटिंग लगाने के लिए एसडीएम खटीमा को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम किच्छा और प्रभारी निरीक्षक खटीमा समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# बनभूलपुरा दंगे के साजिशकर्ता अब्दुल मलिक की जमानत याचिका खारिज

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड हाईकोर्ट की खंडपीठ ने हल्द्वानी के बनभूलपुरा दंगें के मुख्य साजिशकर्ता अब्दुल मलिक की जमानत प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई करते हुए शुक्रवार को अपना निर्णय सुनाया। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की खण्डपीठ ने निर्णय देते हुए उनकी जमानत याचिका को निरस्त करते हुए कहा कि आप निचली अदालत में जमानत के लिए आवेदन करें, साथ में निचली अदालत चार्जशीट व अन्य का अवलोकन करके निर्णय पारित करे, साथ में कोर्ट ने यह भी कहा है कि पूर्व के आदेश का अवलोकन करके आदेश पारित करें।

बता दें कि इस मामले पर 2 जनवरी (गुरुवार) को मुख्य न्यायधीश की अध्यक्षता वाली खंण्डपीठ ने मामले को सुनवाई के बाद निर्णय सुरक्षित रख लिया था। शुक्रवार को कोर्ट ने इस पर अपना आदेश दिया। मामले के अनुसार 8 फ रवरी 2024 (गुरुवार) को हल्द्वानी के बनभूलपुरा इलाके में अतिक्रमण हटाने गई प्रशासन व पुलिस की टीम पर साजिशकर्त्ता सहित अतिक्रमणकारियों व कई अन्य लोगो ने पथराव व आगजनी और गोलीबारी की। दंगे के दौरान दंगाईयो ने कई वाहनों सहित थाने को घेरकर गोलाबारी की जिसमें कई लोगों की मौके पर मौत हो गयी और 100 से अधिक लोग घायल हुए। पुलिस की जं च के बाद पुलिस ने 100 से अधिक दंगाईयो को गिरफ्तार किया जिसमें से एक आरोपी ये भी थे।

दूसरी ओर शुक्रवार को उनके द्वारा जमानत प्रार्थना पत्र में यह भी कहा है कि जिस दिन यह घटना हुई वे वहाँ न होकर दिल्ली में थे। उन्हें वेबजह फ ंसाकर उनके ऊपर दंगा भडक़ाने और दंगाईयों का साथ देने का झूठा मुकदमा दर्ज कर दिया, जब अपराध किया ही नही तो झूठा मुकदमा किस आधार पर दर्ज किया गया इसलिए उन्हें जमानत दी जाय। अतिक्रमण करने के मामले में उन्हें एकलपीठ से जमानत मिल चुकी है। शुक्रवार को उनकी जमानत प्रार्थना पत्र की पैरवी सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद ने की।

## NEWS / फटाफट

### ज्योलीकोट में क्रिकेट मैच प्रतियोगिता का शुभारंभ

**नैनीताल** । जिले के भीमताल ब्लाक के रामलीला मैदान ज्योलीकोट में प्रीमियर लीग द्वारा आयोजित क्रिकेट मैच प्रतियोगिता का शुभारंभ शुक्रवार को सामाजिक कार्यकर्ता सुरेन्द्र कोटलिया तथा पूर्व प्रधान राम दत्त चनियाल और राजेंद्र सिंह कोटलिया द्वारा किया गया। प्रथम दिवस मनोरा इलेवन और ज्योलीकोट के बीच मुक ाबले में मनोरा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ज्योलीकोट के सामने 72 रनों का लक्ष्य रखा गया जवाब में ज्योलीकोट की टीम मात्र 47 रन में ही सिमट गई। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में 25 टीमों द्वारा भाग लिया जा रहा है। निर्णायक अजय कुमार,आशीष कुमार तथा स्कोरर अनूप और विनोद कुमार रहे। फ ाइनल में विजय टीम को 25 हजार की पुरस्कार राशि दी जाएगी।

### छात्रा सुबिया ने जेआरएफ से एसआरएफ की परीक्षा पूर्ण की

**नैनीताल** । कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के वाणिज्य विभाग की शोध छात्रा सुबिया नाज ने जेआरएफ से एसआरएफ की परीक्षा सफलता पूर्वक पूर्ण की। बता दें कि सुबिया नाज यूजीसी से जूनियर रिसर्च फेलोशिप अनुमोदित है ।उन्होंने अपनी जेआरएफ को सफलता पूर्वक पूर्ण कर लिया है। उनकी यह परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से प्रो. एम एम जिन्हा (रिटायर्ड प्रोफेसर वाणिज्य विभाग एसएसजे विश्वविद्यालय अल्मोड़ा ने ली। सुबिया नाज वर्तमान में अपना शोध कार्य कार्य डॉ. आरती पंत एसोसिएट प्रोफेसर के निर्देशन में कार्य कर रही हैं । इस दौरान प्रो. अतुल जोशी संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष वाणिज्य संकाय समेत डॉ. आरती पंत, डॉ. विजय कुमार, डॉ. ममता जोशी, डॉ. निधि वर्मा, डा. विनोद जोशी, डॉ. हिमानी जलाल, डॉ. जीवन उपाध्याय, डॉ. पूजा जोशी, डॉ. तेज प्रकाश, डॉ. अंकिता आर्या, डा. गौतम रावत, रितिशा शर्मा, घनश्याम पालीवाल तथा विशन चंद् ने बधाई दी और इस शोध कार्य की सराहना की।

### सड़क किनारे खड़े 10 से ज्यादा वाहनों का चालान

**नैनीताल**। नगर की मल्लीताल पुलिस ने मॉल रोड पर पार्क वाहनों के खिलाफ अभियान चला दिया है। पुलिस ने सड़क किनारे खड़े 10 से ज्यादा वाहनों का चालान किया है। बता दें कि नैनीताल की मॉलरोड पर वाहनों के पार्क होने से कई बार यातायात प्रभावित होता है। जिसको लेकर शुक्रवार को मल्लीताल कोतवाली की एसआई प्रियंका मौर्य के नेतृत्व में पुलिस ने मॉलरोड में मुनादी कर सडक़ से वाहन हटाने की अपील की। मुनादी के बाद भी वाहन नहीं हटाने पर पुलिस ने चालानी कार्रवाई शुरू की। एसआई प्रियंका मौर्य ने बताया कि मॉलरोड में पार्क 10 वाहनों के स्वामियों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

### ज्योलीकोट से नैनीताल तक सड़क होगी चकाचक

**नैनीताल** । जिले के भीमताल ब्लाक के ज्योलीकोट से नैनीताल तक सड़क पर पड़े गड्ढों से अब वाहन चालकों को निजात मिलेगी। एनएच की ओर से सडक़ में पैच कार्य शुरू कर दिया है। बता दें कि नैनीताल काठगोदाम रोड में लंबे समय से डामर उखडऩे से जगह- जगह गड्ढे उभर गए थे। जिससे वाहन चालकों व बाइक चालकों को वाहन चलाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। लोगों की मांग के बाद विभाग की ओर से काठगोदाम से ज्योलीकोट तक पैच कार्य पूरा कर दिया गया था लेकिन ज्योलीकोट से नैनीताल तक सडक़ के गड्ढे वैसे ही रहे। जिससे सडक़ में दुर्घटनाओं का खतरा बन रहा था। जिसको देखते हुए अब एनएच की ओर से सडक़ के गड्ढों को भरना शुरू कर दिया है। एनएच के सहायक अभियंता प्रमोद सुयाल ने बताया कि इमर्सल कोल्ड मिक्स से सडक़ में पैच कार्य किया जाता है। जल्द ही सडक़ के सभी गड्ढों को भर दिया जाएगा।

### नियमितिकरण की मांग को आंदोलन जारी

**नैनीताल** । नियमितिकरण की मांग को लेकर संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के बैनर तले शुक्रवार को भी पौधरोपण किया गया। महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि जब तक मांग पूरी नहीं हो जाती,पौधरोपण अभियान जारी रहेगा। आंदोलन का 189 वां दिन था। पौधारोपण कार्यक्रम में हर सिंह, शेर सिंह, पदम सिंह, वेद प्रकाश, नरेंद्र थापा, दीपक, राजेंद्र, हंसी, सौरभ खोलिया, महेश कुमार, विजय बोरा व शोभाराम सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# लैब तकनीकों के व्यावसायीकरण पर विशेष व्याख्यान आयोजित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय के इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन सेंटर और डायरेक्टोरेट ऑफ विजिटिंग प्रोफेसर द्वारा शुक्रवार को प्रौद्योगिकी विकास की प्रक्रिया तकनीकी तत्परता स्तर (टीआरएल)और लैब तकनीकों के व्यावसायीकरण पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया गया।

बता दें कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. नंद गोपाल साहू ने प्रतिभागियों को तकनीकी नवाचार और अनुसंधान के व्यावसायिक पहलुओं को गहराई से समझने में मदद की। व्याख्यान में उन्होंने 100 से अधिक प्रतिभागियों को यह समझाया कि कैसे विज्ञान और तकनीकी नवाचारों के माध्यम से प्रयोगशाला की खोजों को व्यावसायिक स्तर पर पहुंचाया जा सकता है। प्रो. साहू ने अपनी टीम की सफलता की कहानी साझा करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने प्लास्टिक कचरे को चमत्कारी सामग्री (ग्राफ ीन) में बदल दिया। उन्होंने ग्राफ ीन की विशेषताओं और इसके अनुप्रयोगों पर चर्चा की। यह स्टील से 200 गुना मजबूत और बेहद हल्का है। इसका उपयोग ऊर्जा भंडारण व जल शोधन व ड्रग डिलीवरी और पॉलिमर निर्माण में किया जा रहा है। प्रो.साहू ने बताया कि उन्होंने अपनी तकनीक को भीमताल और रायपुर, छत्तीसगढ़ में दो उद्योगों को सफ लतापूर्वक हस्तांतरित किया है। उन्होंने इस प्रक्रिया में उत्प्रेरक (कैटलिस्ट) के अनुपात को बदलकर उत्पाद का अनुपात बदलने की तकनीक भी साझा की जिससे अधिक तरल ईंधन या ग्राफीन उत्पादित किया जा सकता है। व्याख्यानमाला को प्रो. लालित तिवारी ने भी संबोधित किया। इसके बाद प्रो. आशीष तिवारी ने भी अपना वक्तव्य दिया। कार्यक्रम में प्रो. लज्जा भट्ट, प्रो. गीता तिवारी, प्रो. जया तिवारी, डॉ. पेनी जोशी, डॉ. डी.एस. कंबोज, डॉ. नंदन सिंह मेहरा, डॉ. रीना सिंह, डॉ बालम सिंह, प्रो. नीलू लोधियाल,प्रो.सुषमा टम्टा,प्रो. अनिल बिष्ट, डॉ. इरा उपाध्याय, डॉ मैत्री नारायण, डॉ. आंचल अनेजा, डॉ नवीन पांडे, डॉ हर्ष चौहान ,डॉ अनिता पटेल तथा अमिता सिंह सहित शोधार्थी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# प्रदेश में 29 प्रतिशत बिजली दर बढ़ोतरी का प्रस्ताव

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

यूपीसीएल की ओर से जारी सूचना के मुताबिक, टैरिफ प्रस्तावों में यूपीसीएल ने 12.01 प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया है। इसमें अगर पिटकुल और यूजेवीएनएल के प्रस्तावों को भी जोड़ दें, तो यह 29.23 प्रतिशत का प्रस्ताव है।

यूपीसीएल के नई विद्युत दरों के टैरिफ प्रस्ताव पर 15 फरवरी तक सुझाव दे सकते हैं। यूपीसीएल प्रबंधन ने इसकी सूचना जारी करते हुए अपने सभी संबंधित कार्यालयों में टैरिफ प्रस्ताव की कॉपी उपलब्ध करा दी है, जिसे निशुल्क देखा जा सकता है। नियामक आयोग व यूपीसीएल को सुझाव भेजे जा सकते हैं। यूपीसीएल की ओर से जारी सूचना के मुताबिक, टैरिफ प्रस्तावों में यूपीसीएल ने 12.01 प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया है। इसमें अगर पिटकुल और यूजेवीएनएल के प्रस्तावों को भी जोड़ दें, तो यह 29.23 प्रतिशत का प्रस्ताव है। यूपीसीएल प्रबंधन के मुताबिक, बीपीएल उपभोक्ताओं के एनर्जी चार्ज में पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी का प्रस्ताव है, जबकि फिक्स चार्ज में बदलाव नहीं मांगा गया।



अन्य घरेलू श्रेणी के सभी स्लैब में औसत 11.92 प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रस्ताव है। अघरेलू श्रेणी के टैरिफ में औसत 12.66 प्रतिशत, सिंगल प्वाइंट बल्क सप्लाई में 13.14 प्रतिशत, गवर्नमेंट पब्लिक यूटिलिटी में 12.54 प्रतिशत, निजी नलकूप श्रेणी में पांच प्रतिशत, इंडस्ट्री में 11.91 प्रतिशत, मिश्रित भार के टैरिफ में 12.56 प्रतिशत, रेलवे ट्रैक्शन के टैरिफ में 13.54 प्रतिशत, विविध चार्जेज में 5त्न बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया गया है।

टैरिफ पर अपने सुझाव 15 फरवरी तक नियामक आयोग कार्यालय, निकट आईएसबीटी, डाकघर माजरा, देहरादून पर भेज सकते हैं। यूपीसीएल के हर सब स्टेशन में रखे ड्रॉप बॉक्स में भी सुझाव डाल सकते हैं। नियामक आयोग जनसुनवाई के बाद इस टैरिफ पर अंतिम निर्णय लेगा, जो दरें इस साल एक अप्रैल से लागू होंगी।

# अभिमत

## अपराधियों की चुनौती

*पुलिस की साइबर क्राइम ब्रांच देश के अंदर मौजूद अपराधियों से निपटने में सक्षम है। अक्सर अपराधियों को पकड़ा जाता है, लेकिन विदेश में मौजूद अपराधी स्थानीय पुलिस की गिरफ्त से बच जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा साइबर क्राइम रोकने के लिए सदस्य देशों से आपसी सहयोग की अपील करने के बाद सभी देशों को एकजुट होकर अपराधियों से निपटना होगा। यदि आतंकवाद की तरह दुनिया के देशों में बिखराव दिखा, तो साइबर अपराधी राष्ट्राध्यक्ष और शासनाध्यक्ष तक को निशाना बनायेंगे। किसी भी देश की सरकार गिराने और सेना को गुमराह करके राष्ट्र की सुरक्षा को खतरे में डाल सकते हैं।*

विज्ञान के क्षेत्र में नये अनुसंधान से सुविधाएं बढ़ी हैं। सूचना और संचार प्रौद्योगिकी ने दुनिया ही बदल दी है। हम डिजिटल दुनिया में रह रहे हैं। प्रौद्योगिकी ने जिंदगी को आसान बनाया है और एक तरह से वरदान साबित हो रही है, इसका दूसरा पहलू यह है कि अपराध बढ़े हैं। वर्तमान में साइबर अपराध पूरे विश्व के लिए चुनौती है। साइबर अपराध की रोकथाम के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा में संधि हो गई है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में शामिल सभी देश संधि के प्रावधानों को लागू करेंगे। साइबर अपराध रोकने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने में संयुक्त राष्ट्र की प्रमुख भूमिका होगी। प्रौद्योगिकी के मामले में विकसित देशों का वर्चस्व रहा है। विकसित देश अपने आप को सुरक्षित मानते रहे हैं, लेकिन यह भ्रम अब टूट गया है। साइबर अपराधियों ने दुनिया के सभी देशों के लोगों को निशाना बनाया है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस ने तो साइबर अपराधियों को और अधिक सक्रिय कर दिया है। सरकारी स्तर पर जनजागरूकता का भी कोई असर नहीं हो रहा है। सोशल मीडिया, दूरसंचार कंपनियों, पुलिस, खुफिया तंत्र, वित्तीय संस्थानों और सरकारी विभागों द्वारा साइबर अपराधियों से सावधान रहने की लगातार चेतावनी दी जा रही है। साइबर अपराधियों के झांसे में कम पढ़ा-लिखा व्यक्ति ही नहीं, उच्च शिक्षित लोग भी आ जाते हैं। प्रोफेसर, डाक्टर, इंजीनियर, अधिकारी से लाखों रुपये ठगे जा रहे हैं। साइबर अपराधियों का जाल अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर फैला हुआ है। डिजिटल अरेस्ट की वारदातें कई बार विदेश से संचालित होती हैं। इनकम टैक्स, सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय के छापे का डर पैदाकर अमीर और उच्च शिक्षित लोगों को ठगने के समाचार आये दिन मीडिया की सुर्खियां बनते हैं। पुलिस की साइबर क्राइम ब्रांच देश के अंदर मौजूद अपराधियों से निपटने में सक्षम है। अक्सर अपराधियों को पकड़ा जाता है, लेकिन विदेश में मौजूद अपराधी स्थानीय पुलिस की गिरफ्त से बच जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा साइबर क्राइम रोकने के लिए सदस्य देशों से आपसी सहयोग की अपील करने के बाद सभी देशों को एकजुट होकर अपराधियों से निपटना होगा। यदि आतंकवाद की तरह दुनिया के देशों में बिखराव दिखा, तो साइबर अपराधी राष्ट्राध्यक्ष और शासनाध्यक्ष तक को निशाना बनायेंगे। किसी भी देश की सरकार गिराने और सेना को गुमराह करके राष्ट्र की सुरक्षा को खतरे में डाल सकते हैं। साइबर अपराधियों को धोखाधड़ी तथा ठगी को मामूली घटना समझकर अनदेखी नहीं करनी चाहिए।

# नुक्कड़ सभा मतदाताओं से मतदान की अपील की

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

भाजपा मेयर प्रत्याशी गजराज सिंह बिष्ट ने अपना चुनाव प्रचार तेज करते हुए मानपुर पूरब वार्ड 56 , प्रगति विहार वार्ड 53 , चौंफला चौराहा वार्ड 37 एवं पीताम्बरी धाम वार्ड 45 में नुक्कड़ सभाएं आयोजित की । नुक्कड़ सभाओं में गजराज सिंह बिष्ट ने क्षेत्रवासियों से सोच समझकर नगर के विकास के लिए तुलनात्मक अध्ययन कर भाजपा को वोट डालने को कहा । कांग्रेस पार्टी जिसका नगर के विकास की तुलना में हमेशा घुसपैठियों के विकास में योगदान रहा है उसको आगामी 23 तारीख को आम जनता के वोट की ताकत से सबक सिखाना है । रोजाना पांच से अधिक वार्डों की जनता से रूबरू हो रहे गजराज सिंह बिष्ट मतदान की तिथि आने तक नगर के सभी 60 वार्डों में जन संपर्क एवं नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से अपनी भविष्य की योजनाओं को क्षेत्रवासियों के सामने रखना चाहते हैं जिसके लिए उन्होंने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है । अलग-अलग वार्ड की नुक्कड़ सभा में क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए भाजपा मेयर प्रत्याशी गजराज सिंह बिष्ट ने कहा



उनके पास नगर की जनता से वोट मांगने का स्पष्ट आधार है , विगत दस वर्षों में नगर निगम में किए गए विकास कार्य प्रत्यक्षम किंम प्रमाणम , जो प्रत्यक्ष है जो सामने है उसे कोई प्रमाण की आवश्यकता नहीं है । कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी हल्द्वानी की जनता के सामने किस आधार पर वोट मांगने जा रहे हैं । कांग्रेस पार्टी सिर्फ घुसपैठियों के भरोसे चुनाव मैदान में है । हल्द्वानी नगर निगम क्षेत्र की जनता ने खुली आंखों से शहर की फिजा खराब करने वालों को देखा है । अब आने वाली 23 तारीख को हल्द्वानी की जनता उनके सरफरस्तों को भी अपने वोट की ताकत से दिखाएगी कि कांग्रेस पार्टी हल्द्वानी नगर निगम की जनता को कमत्तर समझने की भूल ना करे। भाजपा मेयर प्रत्याशी गजराज सिंह बिष्ट ने कहा नगर निगम क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्य निरंतर गतिमान हैं । रकसिया नाला जो कांग्रेस पार्टी के लिए एकमात्र फोटो खिंचवाने के लिए विषय रहा था , भाजपा नीत निगम बोर्ड ने उसका भी स्थाई समाधान निकाल कर काम शुरू कर दिया है , नगर निगम को एडीबी से मिले 2200 करोड़ रुपए के बजट से ड्रेनेज का काम भी होना है , उत्तराखंड स्टेट अर्बन डेवलेपमेंट एजेंसी ने रकसिया नाले की निकासी की योजना पर काम शुरू कर दिया है । 30 करोड़ रुपए की लागत से डेढ़ किलोमीटर भूमिगत नहर बनाई जा रही है ।

गजराज सिंह बिष्ट ने कहा कांग्रेस पार्टी हल्द्वानी नगर निगम चुनाव सिर्फ अपना वोट बैंक बचाने के लिए लड़ रही है अन्यथा ना इन्होंने हल्द्वानी नगर के लिए कुछ किया है और ना भविष्य में कुछ करने के लिए इनके पास योजनाएं है । एकमात्र ध्येय है इनका वोट बैंक बचा रहे। पार्टी का झंडा उठाने वाले कुछ कार्यकर्ता बचे रहें ।

भाजपा प्रत्याशी गजराज बिष्ट के साथ चुनाव प्रचार में जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट , प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट , निवर्तमान मेयर जोगेंद्र रौतेला , प्रमोद तोलिया ,महेश शर्मा ,भुवन जोशी , रेनू अधिकारी , मोहन पाठक , विनोद तिवारी ,राजेंद्र नेगी , महेश जोशी , मुन्नी बिष्ट ,कल्पना बोरा , सुशील वर्मा , भुवन कांडपाल , मनीष बिष्ट , त्रिभुवन शर्मा , पूजा भट्ट , कंचन उप्रेती , महेंद्र कश्यप , पन राम , समेत भारी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे ।

## यामिनी रोहिल्ला के नामांकन को रद्द करने के निर्णय को गलत ठहराया

**नैनीताल** । हाईकोर्ट ने हरबर्टपुर नगर पालिका के अध्यक्ष पद की कांग्रेस उम्मीदवार यामिनी रोहिल्ला के नामांकन को रद्द करने के निर्णय को गलत ठहराते हुए उन्हें चुनाव में भाग लेने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने उनके चुनाव परिणाम के याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन रखा है। मुख्य न्यायाधीश जी. नरेन्दर और न्यामयूर्ति आशीष नैथानी की खंडपीठ में अपील पर सुनवाई हुई। कहा गया कि रिटर्निंग आफि सर ने उनके नामांकन को रद्द करने का जो आधार बताया वह गलत है। विकासनगर के तहसीलदार ने अपने कार्यालय की ओर से ही जारी जाति प्रमाण पत्र को ही विवादित ठहरा दिया। इसके बाद आरओ ने उनका नामांकन रद्द कर दिया। अदालत ने कहा कि नामांकन रद्द करने का जो आधार बताया गया है वह गलत है। अदालत ने उन्हें चुनाव में प्रतिभाग करने के निर्देश दे दिये। एकलपीठ भी इससे पहले याचिका को खारिज कर चुकी है।

# डीएम ने किए सुरक्षात्मक कार्य व प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिलाधिकारी वंदना सिंह ने शुक्रवार को नैनीताल की ठंडी सडक़ पर सिंचाई विभाग द्वारा किए जा रहे सुरक्षात्मक कार्य और प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे रेलिंग आदि के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

उसके बाद डीएम वंदना सिंह ने तल्लीताल बाजार में हो रहे सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। तल्लीताल बाजार के मुख्य द्वार पर लाइटिंग की व्यवस्था करने के लिए आरईएस तथा यूपीसीएल के अधिकारियों को निर्देशित किया तथा शीघ्र तल्लीताल बाजार में यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य पूर्ण कर फिनिशिंग के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा तल्लीताल बाजार में स्ट्रीट लाइट की भी व्यवस्था की जाएगी। जिलाधिकारी ने पालिका के अधिशासी अधिकारी दीपक गोस्वामी को तल्लीताल स्थित पोस्ट ऑफिस से लेकर बस स्टैंड तक के क्षेत्र की सर्वे कर मैपिंग करने के निर्देश दिएए ताकि स्थान उपलब्धता के अनुसार नैनीताल में सार्वजनिक परिवहन हेतु पिक अप और ड्रॉप की सुचारू व्यवस्था बनाई जा सके। डीएम वंदना ने सिंचाई विभाग द्वारा ठंडी सडक़ में किए जा रहे सुरक्षात्मक कार्यों को मार्च तक पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। सचिव प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि ठंडी सडक़ पर प्राधिकरण द्वारा रेलिंग का कार्य किया जाना हैए जिसमें सिंचाई विभाग के गतिमान कार्य के कारण कुछ समस्याएं आ रही थीं जिनका समाधान कर लिया गया है और कार्य को शीघ्र करने के निर्देश सचिव प्राधिकरण को निर्देशित किया। इसके अलावा ठंडी सडक़ पर पर्यटन विभाग द्वारा लाइटिंग का कार्य किया जाना है उसके लिए पूर्व से लगाई गई लाइटिंग में हो रही समस्याओं को ठीक करवाने के बाद ही आगे की कार्यवाही किए जाने और स्थानीय जनता के सुझाव लेने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग द्वारा तल्लीताल में जंक्शन के सुधारीकरण का कार्य किया जा रहा हैए जिसमें बाउंड्री आदि का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। रोटरी की फिनिशिंग जारी हैए जिलाधिकारी ने यहां रेडियम स्ट्रिप और लाइटिंग की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने नैनीताल में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए शटल सेवा और प्लान तैयार करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने कहा टैक्सी और बाइक के लिए पार्किंग की व्यवस्था के लिए व्यापार मंडल व स्थानीय लोगों द्वारा अच्छा सुझाव दिया गया है जिन पर रूपरेखा तैयार कर शीघ्र कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया है। साथ ही नगर पालिका द्वारा वेंडिंग जोन बनाए जाने का प्रस्ताव भी गतिमान है । बाइक टैक्सी हेतु भी लगभग तैयार हो गई है । इन सभी परियोजनाओं पर शीघ्र कार्य किया जाना है । भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने स्थानीय व्यापारियों से बातचीत कर गतिमान कार्यों के संबंध में उनका फीडबैक भी लिया । इस दौरान सचिव प्राधिकरण विजय नाथ शुक्ल समेत उपजिलाधिकारी नैनीताल, अधिशासी अभियंता लोनिवि व पालिका के अधिशासी अधिकारी समेत विद्युत विभाग सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## फिल्मी दुनिया

# पायल कपाड़िया अगली फिल्म की तैयारी में जुटीं



*ऑल वी इमेजिन एज लाइट की सफलता के बाद पायल कपाड़िया अपनी आगामी फिल्म पर जुट गई हैं। उन्होंने अपने आगामी प्रोजेक्ट को लेकर खुलासा किया कि यह मुंबई पर आधारित होगी, जिसकी कहानी उन्होंने लिखनी शुरु कर दी है। पायल कपाड़िया के निर्देशन में बनी फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट अपने रिलीज के बाद से ही चर्चा में है। फिल्म ने 77वें कान फिल्म फेस्टिवल में 'ग्रांड प्रिक्स' अवॉर्ड झटका। फिर इसे 82वें गोल्डन ग्लोब में भी नामांकन मिला, हालांकि, अवॉर्ड हासिल करने से यह फिल्म चूक गई। फिल्म के ओटीटी रिलीज के बाद, पायल कपाड़िया कथित तौर पर अपने अगले प्रोजेक्ट पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक कपाड़िया ने अपकमिंग प्रोजेक्ट को लेकर अपडेट साझा की है।*

*रिपोर्ट्स के मुताबिक पायल ने खुलासा किया कि उन्होंने मुंबई पर आधारित अपनी अगली फिल्म को लिखना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा, यह थोड़ा जल्दी है, लेकिन मैं मुंबई में दो और फिल्में करने और इस तरह की एक ट्रायो बनाने के बारे में सोच रही हूं। पायल कपाड़िया ने फिल्म निर्माता जाह्नु बरुआ की आलोचना के बारे में भी बात की, जिन्होंने भारत की ऑस्कर समिति के प्रमुख के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान पायल की फिल्म को तकनीकी रूप से बहुत खराब कहा था। उनके बयान पर कपाड़िया ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि उनका क्या मतलब था और अगर वह भविष्य में मिलते हैं तो वह उनसे पूछना चाहेंगी।*

### ऑल वी इमेजिन एज लाइट के बारे में

*इंडो-फ्रेंच सहयोग से बनी ऑल वी इमेजिन एज लाइट में कनी कुसरुति, दिव्या प्रभा, ह्रदु हारून और छाया कदम मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म ने 2024 में कान फिल्म फेस्टिवल में ग्रैंड प्रिक्स जीता, साथ ही 2024 में न्यूयॉर्क फिल्म क्रिटिक्स सर्कल और गोथम अवार्ड्स से सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फीचर पुरस्कार जीता। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने इसे वर्ष की अपनी पसंदीदा फिल्मों की सूची में शामिल किया।*

# बलियानाले के ऊपर पार्किंग बनाने की योजना पर हाईकोर्ट ने लगाई फिलहाल रोक

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने जिला प्रशासन द्वारा सड़क चौड़ीकरण के लिये तल्लीताल से गांधीजी की मूर्ति हटाने, ऐतिहासिक पोस्ट ऑफिस ध्वस्त करने, लकड़ी टाल के समीप बलियानाले के ऊपर पार्किंग बनाने की योजनाओं पर फिलहाल रोक लगा दी है ।

नैनीताल निवासी सेवानिवृत प्रोफेसर उमा भट्ट द्वारा हाईकोर्ट में दायर जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति जी.नरेंद्र व न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की खंडपीठ ने उक्त प्रस्तावित कार्यों पर रोक लगाई है । इस याचिका की अगली सुनवाई 10 फरवरी को होगी। जनहित याचिका में तल्लीताल चौराहे से गांधीजी की मूर्ति शिफ्ट करने, हैरिटेज पोस्ट ऑफिस को तोड़ने व अति संवेदशील बलियानाले के ऊपर भारी भरकम कार पार्किंग बनाने की जिला प्रशासन की योजना पर गम्भीर सवाल उठाए गए हैं । याचिका में कहा गया है कि इस सम्बंध में कई बार शासन प्रशासन को प्रत्यावेदन दिये गए लेकिन प्रशासन ने इन प्रत्यावेदनों पर गौर नहीं किया। यहां बता दें कि नैनीताल के विभिन्न संगठनों ने गांधी जी की मूर्ति वर्तमान स्थान से हटाने सहित अन्य भारी भरकम निर्माण कार्यों को रोकने की मांग को लेकर कई दिन तक धरना प्रदर्शन व कैंडिल मार्च किये । साथ ही गांधी जी की मूर्ति के समक्ष लगातार 59 दिन तक मोमबत्ती जलाकर विरोध दर्ज किया । यह विरोध 9 जनवरी को हाईकोर्ट के आदेश के बाद रोक गया ।

# तीन दिवसीय राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का हुआ समापन



**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के डीएसए मैदान में चल रही तीन दिवसीय राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हो गया। इस दौरान मुख्य अतिथि विजय हजारे क्रिकेटर और ऊत्तराखण्ड बॉक्सिंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष रोहन सहगल ने विजेता खिलाडि़यों को पुरुस्कार वितरित किए। बता दें कि प्रतियोगिता में गर्ल्स की बेस्ट बॉक्सर कोमल और बैस्ट प्रॉमिसिंग बॉक्सर अदिति नेगी रही जबकी बॉयज का बेस्ट बॉक्सर करन ऐरी और बैस्ट प्रॉमिसिंग बॉक्सर अर्जुन के साथ गर्ल्स और बॉयज की टीम चैंपियनशिप नैनीताल ने जीती जबकि उप विजेता पिथौरागढ़ रही। इससे पूर्व प्रतियोगिता के अंतिम दिन विभिन्न वर्गो में फाइनल मुकाबले खेले गए जिस के तहत यूथ गर्ल्स कैटेगिरी में पहला मुकाबला 48 किलो भार में पिथौरागढ़ की जया और बागेश्वर की हिमानी बंगारी के बीच हुआ। इसमें जया ने जीत दर्ज की। 52 किलो वर्ग में पिथौरागढ़ की भूमिका महर ने नैनीताल की काजल राणा को परास्त किया। 54 किलो भार में नैनीताल की नम्रता ने पिथौरागढ़ की तुलिका को हराया। 60 किलो वर्ग में यूएसनगर की डिंपल यादव ने चंपावत की शिखा को हराया। 63 किलो वर्ग में नैनीताल की प्रतिष्ठा ने देहरादून की रयना यादव को पराजित कियाए 66 किलो में नैनीताल की प्रियंका बिष्ट ने पौड़ी की मानसी नेगी को हरायाए 70 किलो भार वर्ग में पिथौरागढ़ की कोमल मेहता ने देहरादून की दिव्यांशी को पीटा जबकि 50 किलो वर्ग में साई पिथौरागढ़ की कोमल लोहिया ने पिथौरागढ़ की कुसुम को हराया जबकि 57 किलो वर्ग में पिथौरागढ़ की बबीता फर्स्वाण ने देहरादून की अदिति नेगी को संघर्षपूर्ण मुकाबले में हराया।

यूथ बॉयज के 75 किलो में पिथौरागढ के विकास चंद्रा ने नैनीताल के गौतम सागर को आरएससी ने हराया 80 किलो वर्ग में नैनीताल के आयुष उपाध्याय ने देहरादून के युवराज वर्मा को नौक आउट कियाए 86 किलो में यूएसएनगर के नोमन खान ने देहरादून के वंश गुसाईं को नौक आउट किया। 71 किलो में एसटीसी काशीपुर के हर्ष सिंह ने पिथौरागढ़ के दीपेश सिंह अधिकारी को हराया, 57 किलो वर्ग में एमपीएससी के दीपक थापा ने साई पिथौरागढ़ के सावन सिंह बसेड़ा जबकि 67किलो वर्ग में पिथौरागढ़ के करन सिंह ने टनकपुर होस्टल के अर्जुन सिंह को नजदीकी मुकाबले में हराया।

इस दौरान समाजसेवी कविता साह गंगोला, उदय प्रताप सिंह, जिला अस्पताल के पीएमएस और कॉमनवेल्थ गेम्स में भारतीय बॉक्सिंग टीम के मेडिकल ऑफिसर डा. तरुण कुमार टम्टा, हरिद्वार मुक्केबाजी संघ के सचिव नवीन चौहान, पूर्व बॉक्सर गिरीश जोशी समेत निर्मला पंत, वरुण बेलवाल, विमला रावत, किशोर पाल,भगवत मेर, गौरव नयाल,गोपाल खोलिया, नवीन टम्टा, कमल जगाती,अजय कुमार,पुष्पा दरमवाल समेत प्रदेश के बॉक्सिंग ऑफिशियल्स ने आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया। संचालन नवीन पाण्डे ने किया।

## News कॉर्नर

### पालिकाध्यक्ष पद के प्रत्याशी पंकज ने मतदान की अपील की

**नैनीताल ।** भवाली में कांग्रेस के पालिकाध्यक्ष पद के प्रत्याशी पंकज आर्य के समर्थकों ने शुक्रवार को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर मतदाताओं से आर्य के पक्ष में मतदान करने की गुजारिश की।

कांग्रेस प्रत्याशी पंकज आर्य ने अपने समर्थकों के साथठ वर्मा टॉप में सैमजयू मंदिर में माथा टेक कर दुगई स्टेट में मैंन कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जाकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने कीअपील की। वहीं वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री खष्टी बिष्ट के नेतृत्व में महिला टीम ने श्यामखेत क्षेत्र में घर-घर जाकर कांग्रेस प्रत्याशी पंकज आर्य के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान तुलसी बिष्ट, माया पंत, रचना, सुनीता साही, कमला चौधरी, अनीता, रितु, हिमानी पांडे तथा ममता सहित कई महिलाएं उपस्थित थी।

# पुलिस ने कोतवाली बुलाए हिस्ट्रीशीटरों की कराई परेड

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड में निकाय चुनाव की घोषणा होने के बाद से ही पुलिस भी चुनाव में किसी की भी तरह कोई गड़बड़ी न हो इसके लिए कमर कस ली। इसी के तहत पुलिस ने क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों को बुला कर परेड कराई। इस दौरान पुलिस ने उन्हें हिदायत भी दी। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को कोतवाल मनोज रतूड़ी ने क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों को बुलाकर उनकी परेड कराई। कोतवाल ने बताया कि हिस्ट्रीशीटरों को बुला कर उन्हें हिदायत दी गई कि चुनाव के दौरान किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी न हो।

शहर छोड़ने और शहर में आने की सूचना संबंधित चौकी प्रभारी को दें। उन्होंने बताया कि एक दर्जन से अधिक हिस्ट्रीशीटर कोतवाली पहुंचे। कोतवाली पहुंचे हिस्ट्रीशीटरों में बगवाड़ा चौकी,रम्पुरा और हल्का क्षेत्र निवासी शामिल हैं। कोतवाल ने बताया कि संबंधित चौकी प्रभारी को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। क्षेत्र में संदिग्धों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।



**सख्ती**

- निकाय चुनाव को देखते हुए पुलिस सख्त,हिदायत भी दी, 57 में 16 ही पहुंचे हिस्ट्रीशीटर

# जिलाधिकारी पौड़ी कोर्ट में नहीं हुए पेश, कोर्ट ने जताई नाराजगी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने कालागढ़ डैम के आसपास बने भवनों को ध्वस्त किये जाने के जिलाधिकारी पौड़ी के आदेश पर रोक बरकरार रखते हुए जिलाधिकारी पौड़ी को 11 फरवरी (मंगलवार) को कोर्ट में तलब किया है ।उन्हें शुक्रवार भी कोर्ट में पेश होने को कहा था लेकिन वे शुक्रवार को कोर्ट में पेश नहीं हुए थे जिस पर हाईकोर्ट ने गहरी नाराजगी जताई ।

मामले के अनुसार 1961 कालागढ़ डैम बनाने हेतु वन विभाग ने सिंचाई विभाग को करीब 22 हजार एकड़ भूमि दी थी, तब शर्त रखी गई थी कि जितनी भूमि की डैम के लिये जरूरत होगी उतनी ही प्रयोग में ली जाएगी बांकी भूमि वन विभाग को वापस होगी लेकिन शेष भूमि वन विभाग को वापस नहीं हुई और उसमें टाउनशिप बन गई, जिसके खिलाफ वर्ष1999 में इलाहाबाद हाईकोर्ट रिट याचिका दायर हुई थी, तब इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार से अतिक्रमण हटाने को कहा था लेकिन इस आदेश का पालन नहीं हुआ । जिसके बाद दिसम्बर 2013 में सुप्रीम कोर्ट ने केण्एनण्गोदावरन मामले में पुनर्वास व विस्थापन की व्यवस्था के साथ अतिक्रमण हटाने को कहा था । वर्ष 2017 में यह मामला एनजीटी के समक्ष पहुंचा, तब स्थानीय प्रशासन ने एक साल के भीतर अतिक्रमण हटाने का अंडरटेकिंग एनजीटी को दिया था। इस बीच जिलाधिकारी पौड़ी ने 18 दिसम्बर को नोटिस जारी कर 15 दिन के भीतर अतिक्रमणकारियों से वहां से हटने को कहा था और 4 जनवरी को अतिक्रमण हटाने के लिये पुलिस तैनात कर दी गई और की भवन ध्वस्त कर दिए, जिसके खिलाफ कालागढ़ विकास एवं उत्थान समिति ने याचिका दायर की ।जिसमें कहा गया है कि प्रभावितों के पुनर्वास की व्यवस्था किये ही उन्हें हटाया जा रहा है । 7 जनवरी को हाईकोर्ट ने जिलाधिकारी के आदेश पर रोक लगा दी थी और उन्हें कोर्ट में तलब किया था, लेकिन वे शुक्रवार को कोर्ट में पेश नहीं हुए । इस मामले की सुनवाई अब 11 फरवरी (मंगलवार) को होगी। इस याचिका की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी नरेंद्र व वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की खंडपीठ में हुई।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया लोहड़ी और मकर संक्रांति के कार्यक्रम का आयोजन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

भारत विकास परिषद शाखा, हल्द्वानी द्वारा आज रामपुर रोड स्थित अतिथि रेस्टोरेंट में लोहड़ी और मकर संक्रांति के कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास से हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत क्षेत्रीय संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल, क्षेत्रीय सचिव-संपर्क आरके गुप्ता, शाखा अध्यक्ष भवानी शंकर नीरज द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रचलन करके किया गया। पूनम साहनी और उपमा शेट्टी द्वारा लोहड़ी त्योहार की महत्वत के बारे में शाखा के सदस्यों को अवगत कराया गया। इसके पश्चात पारिवारिक खेल, हाऊजी, महिला सदस्यों द्वारा नृत्य प्रस्तुति और ढोल की थाप में अग्नि के चारों ओर फेरे लगाकर लोहड़ी और मकर संक्रांति का त्यौहार सभी सदस्यों द्वारा मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन शाखा सचिव डॉ अभिषेक मित्तल द्वारा किया गया।

इस मौके पर मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल, महिला संयोजिका डॉ निधि अग्रवाल, प्रकल्प संयोजक डॉ अतुल राजपाल, जितेंद्र साहनी, मीनू गुप्ता, डॉ मोनिका मित्तल, सौम्या अग्रवाल, पाला मेहता, दीपिंका अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित रहे।



### कारगिल का युद्ध लड़ने वाले कैप्टन भाकुनी का निधन

**अल्मोड़ा।** सेवानिवृत्त कैप्टन केएस भाकुनी के निधन पर पूर्व सैनिक संगठन भिकियासैंण के सदस्यों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। ग्राम चौंना (मानिला सल्ट) में जन्मे कैप्टन भाकुनी 1970 में भारतीय सेना के ईएमई कोर में भर्ती हुए थे। सेना में रहते हुए वह 1971 और कारगिल युद्ध का हिस्सा रहे। लंबी बीमारी से जूझते हुए बृहस्पतिवार की रात 11:30 बजे उन्होंने बरकिंडा स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली।

# पर्यटकों की जान से खिलवाड़, बिना लाइफ जैकेट के नौकायन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सरोवर नैनीताल में पालिका की अनदेखी व नाव चालकों की लापरवाही के चलते पर्यटकों की जान से खिलवाड़ हो रहा है।

बता दें कि वर्तमान में नई लाइफ जैकेट मिलने के बाद भी नाव चालक पर्यटकों को नौकायन के दौरान जैकेट नहीं पहना रहे। जिससे बड़ा हादसा हो सकता है। काबिलेगौर है नैनीझील में नौकायन के दौरान पर्यटकों का लाइफ जैकेट पहनना जरूरी है, बिना लाइफ जैकेट नौकायन करने पर पालिका की ओर से चालान का प्रावधान है लेकिन इसके बाद भी कई नावचालक पर्यटकों को लाइफ जैकेट नहीं पहनाते हैं। पूर्व में नाव चालक पुरानी लाइफ जैकेट होने का बहाना बनाते थे लेकिन नई लाइफ जैकेट मिलने के बाद भी कई नाव चालक पर्यटकों को लाइफ जैकेट पहनाए बगैर ही नौकायन करा रहे हैं। जिससे पर्यटकों की जान को खतरा है। पालिका की इस अनदेखी के चलते बड़ी अनहोनी हो सकती है।

इन दोनों कई नौकाचालक पर्यटकों को बिना लाइफ जैकेट के नौकायन कराते नजर आ रहे हैं। मामले में पालिका के ईओ दीपक गोस्वामी ने सूचना के बाद तुरंत मौके पर टीम भेजी लेकिन तब तक पर्यटक नौकायन कर चुके थे। ईओ गोस्वामी ने बताया कि बिना लाइफ जैकेट नौकायन करने पर कार्रवाई की जाएगी।

# कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी ललित जोशी का गजराज पर व्यंग्य

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी ललित जोशी ने जनसंपर्क अभियान का आगाज किया। उन्होंने रूपनगर रौतेला कॉलोनी मुखानी में सुंदरकांड पाठ आयोजित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जैसे हम अपने घरों में पवित्र कार्यों के लिए सुंदरकांड और भजन कराते हैं, वैसे ही शहर के विकास के लिए वोट करना जरूरी है।

ललित जोशी ने आज अलग अलग क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान के तहत कई स्थानों का दौरा किया। उन्होंने हीरा बल्लभ पार्क, पटेल चौक, इंटर कॉलेज काठगोदाम में नुक्कड़ सभाएं की। शाम को लालडाठ क्षेत्र में कांग्रेस कार्यालय से पनचक्की चौराहे तक जनसंपर्क अभियान चलाया। अभी तक कांग्रेस प्रत्याशी ललित जोशी पर बेवजह भाजपा हमलावर हो रही थी। लेकिन ललित जोशी ने आज ऐसा जवाब दिया कि जिसे सुन भाजपाई भी सन्न रह गए। भाजपा प्रत्याशी गजराज सिंह बिष्ट पर निशाना साधते हुए ललित जोशी ने कहा कि वह राज्य आंदोलनकारी हैं और प्रदेश की जनता उन्हें जानती है। उन्होंने कहा, इसके लिए मुझे भाजपा के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है। गजराज पर तंज कसते हुए ललित जोशी ने कहा मैं आपकी तरह सर्टिफिकेट संदूक में बंद नहीं रखता। जब जरूरत हो, तब निकालें और फिर बंद कर दें। आपने तो सर्टिफिकेट संदूक में बंद रखा था जैसे ही मौका आया बाहर निकाल दिया। उन्होंने भाजपा पर दोहरे चरित्र का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के पास जनता को गुमराह करने के अलावा कोई ठोस मुद्दा नहीं है। ललित जोशी ने स्थानीय महिलाओं से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी से ही शहर का विकास संभव है। वहीं वार्ड नंबर 37 में विधायक सुमित हृदयेश ने कांग्रेस के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में हल्द्वानी में व्यापक विकास हुआ है। कांग्रेस जाति और धर्म के नाम पर समाज को नहीं बांटती। आज भी हर गली में कांग्रेस के किए गए विकास कार्य दिखाई देते हैं। उन्होंने ललित जोशी को विजयी बनाने के लिए जनता से समर्थन मांगा। इस दौरान जनसंपर्क अभियान में विधायक सुमित हृदयेश, दीपक बलुटिया, हेमंत बगड़वाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष योगेश शर्मा, मोहन बिष्ट, पंकज तिवारी, दीप चंद पाठक, जगमोहन बगड़वाल, दीपक शाह, लीलाधर कांडपाल, कमल सिंह धामी, करन सिंह नेगी, जीत सिंह, दिनेश बोरा, विश्वजीत बिष्ट सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

